उपसर्ग

परिभाषा- उपसर्ग उस शब्दांश या अव्यय को कहा जाता है, जो किसी शब्द के पहले आकर उसका विशेष अर्थ प्रकट करता है।

उपसर्ग से निर्मित कुछ शब्द

01. **अभि**- अभिभावक, अभियान, अभिशाप, अभिप्राय, अभियोग, अभिसार, अभिमान, अभिनव, अभ्युदय, अभ्यागत, अभिमुख, अभ्यास, अभिलाषा इत्यादि।
02. **अधि**- अधिकरण, अधिकार, अधिराज, अध्यात्म, अध्यक्ष, अधिपति इत्यादि।
03. **अनु**- अनुशासन, अनुकरण, अनुवाद, अनुचर, अनुज, अनुक्रम, अनुपात,अनुरूप, अनुस्वार, अनुकूल, अनुशीलन, अनुवाद इत्यादि।
04. **आ**- आरक्त, आगमन, आकाश, आकर्षण, आजन्म, आरम्भ, आक्रमण, आदान, आचरण, आजीवन, आरोहण, आमुख, आमरण, अवज्ञा, अवरोहण, अवतार, अवनति, अवशेष इत्यादि।
05. **अव**- अवगत, अवलोकन, अवनत, अवस्था, अवसान, अवज्ञा, अवरोहण, अवतार, अवनति, अवशेष इत्यादि।
06. **अति**- अतिकाल, अतिरिक्त, अतिशय, अत्यन्त, अत्याचार, अत्युक्ति, अतिव्याप्ति, अतिक्रमण अदि।
07. **अप**- अपमान, अपमान, अपहरण, अपराध, उपकार, अपभ्रंश, अपकीर्त्ति, अपयश, अपप्रयोग, अपवाद, अपव्यय, अपकर्ष इत्यादि।
08. **निर् (निस्)**- निर्वास, निराकरण, निर्भय, निरपराध, निर्वाह, निर्देष, निश्चल, निर्जीव, नीरोग, निर्मल इत्यादि।
09. **परा**- पराजय, पराक्रम, पराभव, परामर्श, पराभूत इत्यादि।
10. **परि**- परिक्रमा, परिजन परिणाम, परिधि, परिपूर्ण, परिवर्तन, परिणय, पर्याप्त, परिशीलन, परिदोष, परिदर्शन, परिचय इत्यादि।
11. **सम्**- संकल्प, संग्रह, सन्तोष, संन्यास, संयोग, संस्कार, संरक्षण, संहार, सम्मेलन, संस्कृत, सम्मुख, संसर्ग इत्यादि।
12. **सु**- सुकर्म, सुकृत, सुगम, सुलभ, सुदूर, स्वागत, सुयश, सुभाषित, सुवास, सुकाव, सुजन इत्यादि।
13. **उत् (उद्)- उत्तम, उत्कण्ठा, उत्कर्ष, उत्पन्न, उन्नति, उद्देश्य, उद्श्य, उद्गम, उत्थान, उद्भव, उत्साह, उद्गार, उद्यम, उद्धत इत्यादि।**
14. **उत**- उपकार, उपकूल, उपनिवेश, उपदेश, उपस्थिति, उपमंत्री, उपवन, उपनाम, उपासना, उपभेद इत्यादि।
15. **दुर् (दुस्)**- दुरवस्था, दुर्दशा, दुर्लभ, दुर्जन, दुर्लघ्य, दुर्दमनीय, दुराचार, दुस्साहस, दुष्कर्म, दु:साध्य, दुष्प्राप्य, दु:सह, दुर्गुण, दुर्गम इत्यादि।

App पर फ्री
Free में कर सकते हैं।
This pdf is downloaded from Coherent English Classes App. Best app for bihar board

16. **नि**- निदर्शन, निकृष्ट, निपात, नियुक्त, निवास, निरूपण, निमग्न, निवारण, निम्न, निषेध ,निरोध, निदान, निबन्ध इत्यादि।

17. **प्र**- प्रकाश, प्रख्यात, प्रचार, प्रबल, प्रभु, प्रयोग, प्रसार, प्रस्थान, प्रलय, प्रमाण, प्रसन्न, प्रसिद्धि, प्रताप, प्रपंच इत्यादि।

18. **प्रति**- प्रतिक्षण, प्रतिध्वनि, प्रतिनिधि, प्रतिकार, प्रत्येक, प्रतिदान, प्रतिकूल, प्रतिवादी, प्रत्यक्ष, प्रत्युपकार इत्यादि।

19. **वि**- विकास, विज्ञान, विदेश, विधवा, विवाद, विशेष, विस्मरण, विराम, वियोग, विभाग, विकार, विमुख, विनय, विभिन्न, विनाश इत्यादि।

✓ वस्तुनिष्ठ प्रश्न

01. 'अतिकाल' मे कौन-सा उपसर्ग है?

(a) इति (b) आदि
(c) अति (d) काल *Ans. (c)*

02. 'अनुसरण' मे कौन-सा उपसर्ग है?

(a) अ (b) अन
(c) अनु (d) अन्य *Ans. (c)*

03. 'प्रख्यात' में कौन-सा उपसर्ग है?

(a) प्र (b) पख
(c) पर (d) परि *Ans. (a)*

04. 'पराक्रम' में कौन-सा उपसर्ग है?

(a) पर (b) प
(c) परा (d) परि *Ans. (c)*

05. 'विज्ञान' में कौन-सा उपसर्ग है?

(a) व (b) वि
(c) वी (d) विज्ञ *Ans. (b)*

06. 'अभिभावक' मे कौन-सा उपसर्ग है?

(a) अ (b) अभि
(c) अभ (d) अभी *Ans. (b)*

07. 'उपकार' मे कौन-सा उपसर्ग है?

(a) अप (b) उ
(c) उप (d) अक *Ans. (c)*

08. 'परिक्रम' मे कौन-सा उपसर्ग है?

(a) परी (b) पर
(c) प (d) परि *Ans. (d)*

App पर फ्री
Free में कर सकते हैं।
This pdf is downloaded from Coherent English Classes App. Best app for bihar board

COHERENT ENGLISH CLASSES-9065829862 Page # 107

09. 'उनतीस' मे कौन-सा उपसर्ग है?
(a) उ (b) अन
(c) उन (d) अ *Ans. (c)*

10. 'सरपंच' मे कौन-सा उपसर्ग है?
(a) स (b) सर
(c) सु (d) सी *Ans. (b)*

11. 'परिशीलन' मे कौन-सा उपसर्ग है?
(a) पर (b) पार
(c) परि (d) प *Ans. (c)*

12. 'वियोग' मे कौन-सा उपसर्ग है?
(a) व (b) वी
(c) वि (d) ग *Ans. (c)*

13. 'दुर्गम' मे कौन-सा उपसर्ग है?
(a) दुर् (b) दु
(c) दूरा (d) दू *Ans. (a)*

14. 'निरोध' मे कौन-सा उपसर्ग है?
(a) न (b) नी
(c) नि (d) ध *Ans. (c)*

15. 'औघट' मे कौन-सा उपसर्ग है?
(a) अ (b) औ
(c) ओ (d) आ *Ans. (b)*

16. 'कपूत' मे कौन-सा उपसर्ग है?
(a) क (b) को
(c) का (d) कौ *Ans. (a)*

17. 'बिनदेखा' में कौन-सा उपसर्ग है?
(a) बि (b) बी
(c) बिन (d) देखा *Ans. (c)*

18. 'खुशकिस्मत' मे कौन-सा उपसर्ग है?
(a) खुश (b) खु
(c) खुशी (d) खू *Ans. (a)*

19. 'नाचीज' में कौन-सा उपसर्ग है?
(a) न (b) ना
(c) ज (d) नी *Ans. (b)*

फ्री
Free में कर सकते हैं।
This pdf is downloaded from Coherent English Classes App. Best app for bihar board

Page # 108 COHERENT ENGLISH CLASSES-9065829862

20. 'बेइज्जत' मे कौन-सा उपसर्ग है?
(a) ब (b) बि
(c) बे (d) बै *Ans. (c)*

21. 'फीसदी' मे कौन-सा उपसर्ग है?
(a) फ (b) फिर
(c) फीस (d) फी *Ans. (d)*

22. 'बिलदिमाग' मे कौन-सा उपसर्ग है?
(a) बि (b) वि
(c) बिल (d) विला *Ans. (d)*

23. 'ऐनमौका' मे कौन-सा उपसर्ग है?
(a) ऐ (b) ए
(c) ऐन (d) का *Ans. (c)*

24. 'बदबू' मे कौन-सा उपसर्ग है?
(a) ब (b) बद
(c) बू (d) बु *Ans. (b)*

25. 'औगुन' मे कौन-सा उपसर्ग है?
(a) ओ (b) आ
(c) अ (d) औ *Ans. (d)*

26. सुगंध में निहित उपसर्ग है-
(a) स्वा (b) स्
(c) सु (d) स्वा *Ans. (c)*

27. 'अवचेतन' शब्द में निहित उपसर्ग है-
(a) अ (b) अव
(c) अवका (d) अवक *Ans. (b)*

28. 'उद्भव' शब्द में निहित उपसर्ग है-
(a) उद (b) उ
(c) अन (d) ऊ *Ans. (a)*

29. 'अवलंब' शब्द में निहित उपसर्ग है-
(a) अ (b) अव
(c) अवका (d) अवक *Ans. (b)*

30. 'उद्घाटन' शब्द में निहित उपसर्ग है-
(a) उद् (b) उ
(c) अन (d) ऊ *Ans. (a)*

पर फ्री
Free में कर सकते हैं।
This pdf is downloaded from Coherent English Classes App. Best app for bihar board

31. 'प्रख्यात' में प्रयुक्त उपसर्ग है-

(a) प्र (b) त

(c) प्रख (d) आत ***Ans. (a)***

32. 'प्रत्युत्पन्नमति' शब्द में कौन-सा उपसर्ग है?

(a) प्र (b) प्रति

(c) प्रत्यु (d) इनमें से कोई नहीं ***Ans. (b)***

33. 'गगन' शब्द को विपरीतार्थक बनाने के लिए आप किस उपसर्ग का प्रयोग करेंगे?

(a) उप (b) आ

(c) प्रति (d) अनु ***Ans. (b)***

34. किस शब्द में उपसर्ग का प्रयोग हुआ है?

(a) उपकार (b) लाभदायक

(c) पढ़ाई (d) अपनापन ***Ans. (a)***

35. निम्नलिखित में से उपसर्ग रहित शब्द है-

(a) सुयोग (b) विदेश

(c) अत्यधिक (d) सुरेश ***Ans. (d)***

36. 'अवनत' शब्द में प्रयुक्त उपसर्ग है-

(a) नत (b) अ

(c) अव (d) अवन ***Ans. (c)***

37. 'प्रक्रिया' में कौन-सा उपसर्ग लगा है?

(a) परा (b) प्र

(c) सु (d) अध: ***Ans. (b)***

38. 'परामर्श' में कौन-सा उपसर्ग है?

(a) परा (b) पर

(c) परम् (d) अर्श ***Ans. (a)***

39. 'सु' उपसर्ग का क्या अर्थ है?

(a) ऊपर (b) अधिक

(c) अच्छा (d) सहित ***Ans. (c)***

40. 'अव' उपसर्ग का क्या अर्थ है?

(a) समीप (b) सामने

(c) पीछे (d) हीन ***Ans. (d)***

फ्री

Free में कर सकते हैं।

This pdf is downloaded from Coherent English Classes App. Best app for bihar board

Page # 110 COHERENT ENGLISH CLASSES-9065829862

41. 'अभि' उपसर्ग का क्या अर्थ है?

(a) चारों ओर (b) पूर्णता
(c) उल्टा (d) छोटा *Ans. (a)*

42. 'अलंकरण' में कौन-सा उपसर्ग है?

(a) अ (b) अलन्
(c) अलम् (d) करण *Ans. (c)*

43. 'अधिकार' में कौन-सा उपसर्ग लगा है?

(a) अ (b) अधि
(c) अधिक (d) कार *Ans. (b)*

44. किस शब्द में उपसर्ग नहीं है?

(a) अपवाद (b) पराजय
(c) प्रभाव (d) ओढ़ना *Ans. (d)*

45. 'अपकर्म' शब्द में निहित उपसर्ग है-

(a) अप (b) अपल
(c) अप (d) अ *Ans. (a)*

46. 'अपहरण' शब्द में निहित उपसर्ग है-

(a) अप (b) अपाल
(c) अप (d) अ *Ans. (a)*

47. 'अभिव्यक्त' शब्द में निहित उपसर्ग है-

(a) अभि (b) अ
(c) अभ (d) अभिव *Ans. (a)*

48. 'निर' उपसर्ग से निर्मित शब्द नहीं है?

(a) निर्दोष (b) निर्जल
(c) निर्देश (d) निरंजन *Ans. (d)*

49. 'अवकाश' शब्द में निहित उपसर्ग है?

(a) अ (b) अव
(c) अवका (d) अवक *Ans. (b)*

50. संकल्प में कौन-सा उपसर्ग है?

(a) स (b) सन्
(c) सम् (d) स *Ans. (c)*

Free में कर सकते हैं।
This pdf is downloaded from Coherent English Classes App. Best app for bihar board